# नगर पालिका परिषद् लोनी


## ई–पत्रिका




# Nagar Palika Parishad Loni

# दिसंबर 2022

# नगर पालिका परिषद लोनी



प्रशासक

(लोनी)




श्रीमती रंजीता धामा

(अध्यक्ष)

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

# नगर पालिका परिषद लोनी

नगर पालिका परिषद्, लोनी दिसंबर 2022 के ई-पत्रिका लोनी दर्पण में स्वागत है। दिसंबर माह में हुए विकास कार्यों को ई-पत्रिका लोनी दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते है। लोनी नगर पलिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका लोनी दर्पण के द्वारा नगर पलिका में हुए विकास कार्यों को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है। जिससे लोनी नगर पलिका परिषद के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् लोनी का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है। जिसमें बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य है। जिसके लिए नगर पलिका परिषद् लोनी के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है। नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे। कुड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे, गन्दगी न फैलाये। आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें

# प्रशासक लोनी




I am happy to present the December 2022 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of December. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Loni respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Loni's Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Loni, would be very happy to receive your feedbacks on all matters that you feel are important.

# Nagar Palika Parishad Loni

I am delighted to present the tasks and issue of Loni Nagar Palika by E-Patrika Loni in December 2022. Nagar Palika Parishad Loni is grateful to the citizens who displayed tremendous enthusiasm and whole heartedly participated in numerous activities throughout this period. All of us should bear in mind that this is not end but a beginning of the exercise pertaining to development and Swachh Mission program. The coming years will surely be very hectic and eventful. Loni promises to leave no room for complacency and will work even harder to achieve the targets. We solicit active participation from the citizens in our endeavor. We sincerely believe that decisions taken by Nagar Palika Parishad Loni should benefit Nagar Palika Parishad Loni and the citizens in the ultimate analysis. Many projects process in work in Nagar Palika Parishad Loni for development our Nagar Palika and citizens. Thanks to all citizens of Nagar Palika Parishad Loni for supporting to develop Loni.



# NPP लोनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत कार्यालय लोनी में GVP को खत्म करके के सौंदर्य करण का कार्य किया गया




पहले


अब
Selfie
Point
स्वच्छ लोनी
सुन्दर लोनी
सौजन्य सेः नगर पालिका
द, लोनी
: 28.718357
de: 77.309192
n: 217.36m
y: 3.8m
2-03-2022 15:19

# 'लोनी' जैसे शहर में कूड़े के ढेर खत्म कर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट

**पहल**

- एडीएम प्रशासन एवं ईओ लोनी के प्रयास लाये रंग
- स्वच्छ भारत मिशन नगर निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों, जिलाधिकारियों एवं निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अभियान चलाकर उद्देश्य की पूर्ति के निर्देश जारी किए गये







अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद।** कवि दुष्यंत कुमार का एक शेर याद आ रहा है 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों ...' जी हां इसे साबित करके दिखाया है गाजियाबाद की अपर जिलाधिकारी प्रशासन ऋतु सुहास ने। गंदगी के ढेरों से मुक्त करवाकर उन्होंने लोनी के दर्जनों कूड़े के ढेरों को सेल्फी प्वाइंट में तब्दील कर दिया है।

बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 'प्रतिबद्धः 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान 1 दिसंबर से शुरू किए जाने का निर्णय लिया था। इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना थी। इस अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगर निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों, जिलाधिकारियों एवं निकायों के अधिशासी अधिकारियों को पत्र के जरिए समयसीमा के अंदर अभियान चलाकर उद्देश्य की पूर्ति के निर्देश जारी किए गये। इन स्थानों पर सफाई के बाद सौंदर्यीकरण और कई स्थानों को सेल्फी पॉइंट के तौर पर विकसित करने के निर्देश दिये गये।

निर्देश मिलने के बाद गाजियाबाद प्रशासन हरकत में आया और त्वरित गति से योजना पर अमल का काम शुरू हो गया। गाजियाबाद की एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास जिनके पास अधिशासी अधिकारी लोनी का अतिरिक्त कार्यभार है ने इसे गंभीरता से लिया और कार्य प्रारंभ कर दिया गया। उन्होंने अभियान चलाकर लोनी क्षेत्र में कूड़े के ढेरों को पूरी तरह से समाप्त करवाया। इसके साथ ही अनेक स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी विकसित किये गये। इसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। इसके साथ ही मोदीनगर नगर पालिका क्षेत्र में एसडीएम शुभांगी शुक्ला के पास भी ईओ मोदीनगर नगर पालिका का जिम्मा है ने भी नगर पालिका क्षेत्र में कूड़े के ढेर समाप्त करवाने में सफलता प्राप्त की। मुरादनगर ईओ अभिषेक मिश्रा ने भी अनेक स्थानों पर कूड़े के ढेर समाप्त करवाये।



## एसपी बोले- खुलासे को पांच टीमें बनाईं



प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्राप्त कार्य योजना पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले की सभी निकायों में बेहतर काम हुआ है। लोनी में अनेक स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किये गये हैं। जिलाधिकारी के मार्ग दर्शन में काम बेहतर होता है।

**ऋतु सुहास, एडीएम प्रशासन गाजियाबाद**

दिनांक 6 दिसंबर 2022 को कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी में कार्यरत डॉ पंकज राकेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों को हेपेटाइटिस बी का वैक्सेशन का टीका लगाया गया






दिनांक 6 दिसंबर 2022 को एडीएम साहब के निर्देश अनुसार डीएलएफ एफ़एससी प्लांट के अंदर पौधारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे व सब्जियों व औषधि पौधे का रोपण किया गया



# नगर पालिका परिषद लोनी द्वारा कूड़े के ढेर को समाप्त कर स्वच्छ एवं सुंदर सेल्फ़ी पॉइंट में परिवर्तित किया गया। 'प्रतिबद्ध' अभियान से बदल रही नगर पालिका लोनी की तस्वीर

## नगर सुशोभन अभियान से संवर रही लोनी

### अंकुर विहार में संचालित एसटीपी प्लांट में बनी गुलाब वाटिका और औषधि उपवन





**उदय भूमि ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** शहर को साफ एवं सुथरा बनाने के अभियान की शुरूआत हो चकी है। 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलाए जा रहे नगर सुशोभन अभियान से नगर पालिका लोनी की तस्वीर बदलने लगी है। इस अभियान के तहत नगर पालिका लोनी को संवारने का काम तेजी से किया जा रहा है। एडीएम प्रशासन एवं अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास के निर्देशन में निकाय कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी नगर सुशोभन अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 28 डीएलएफ अंकुर विहार में संचालित एसटीपी प्लांट में गुलाब वाटिका और औषधि उपवन बनाया गया। उनमें एसटीपी प्लांट से निकली मानव खाद और सीवर की गंदगी से साफ करके जो पानी निकलता है, उसका इस्तेमाल किया गया। प्रतिबद्ध अभियान से बदल रही नगर पालिका लोनी की तस्वीर के अंतर्गत, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे व सब्जियों व औषधि पौधे का रोपण किया गया। जिसमें गुलाब, एलोवेरा, जामुन, बेल, हर सिंगार, तुलसा, कड़ी पत्ता, अमरूद, नीम, नींबू, अजवाइन, पालक, सरसों, मेथी, धनिया, मूली, मटर, राजमा आदि पौधे व सब्जियों का रोपण हुआ है।


एडीएम प्रशासन एवं अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास ने बताया यह अभियान 12 दिसंबर तक चलेगा, मगर स्वच्छता को लेकर चलाई जा रही मुहिम आगे भी जारी रहेगी। कूड़ा स्थलों की सफाई का महा अभियान चलाया जा रहा है। स्थलों को विलोपित कूड़ाघर के साथ ही स्थलों की साफ सफाई स्थाई टिकाऊ एवं पूर्णकालिक बनाने के लिए इन स्थानों पर पौधारोपण करा पार्क व बगीचा बनाने कार्य किया जा रहा है। स्थानों पर रंगोली, गमले लगाए जा रहे हैं और फूल पौधे भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों को सुंदर व स्वच्छ बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग गंदगी न करें। इन स्थानों पर दोबारा कूड़ा डालकर गंदगी ना फैलाएं नगर को स्वच्छ बनाने में नगर पालिका परिषद का सहयोग करेंगे। एडीएम प्रशासन व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि लोनी नगर पालिका को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्यों को बखूबी अंजाम दे रहे है। इस कार्य को सार्थक बनाने में आमजन का सहयोग बेहद जरुरी है। कार्यक्रम में निकाय लोनी में कार्यरत डॉ पंकज राकेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर लोनी व निकाय लोनी के अंतर्गत सरकारी स्कूल के बच्चों मौजूद रहे।


**जिम्मेदारी** ... तो बदल जायेगी लोनी की सूरत


# 'नगर सुशोभन अभियान' के माध्यम से बदली जा रही लोनी की सूरत

**बदलती तस्वीर**

- एडीएम प्रशासन ने संभाला है लोनी की सूरत बदलने के लिए 'प्रतिबद्ध' अभियान का जिम्मा
- कूड़ा घरों के स्थान पर बन रहे सेल्फी प्वाइंट, पुलों के पिलर पर उकेरी जा रही मनमोहक कलाकृतियां



अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद/ लोनी।** लोनी का नाम आते ही बरबस कूड़े के ढेर, चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य, खराब एवं गड्ढे वाली सड़कों के साथ ही जाम के दृश्य बरबस ही आंखों के सामने तैरने लगते थे। लेकिन लोनी अब बदल रहा है। इसे बदलने का जिम्मा उठाया है गाजियाबाद की अपर जिलाधिकारी प्रशासन जिनके पास लोनी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का भी जिम्मा है ऋतु सुहास ने।

ऋतु सुहास पिछले काफी समय से लोनी की हालत में बदलाव के लिए गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने लोनी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का जिम्मा भी संभाला हुआ है। इसके साथ ही खुले में गंदगी फैलाने पर जुर्माने का प्रावधान भी किया है। इससे निश्चित ही समाज में एवं लोनी के निवासियों में बदलाव आयेगा। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब 75 जिले- 75 घंटे का सफाई अभियान चलाया उस समय भी लोनी नगर पालिका ने आगे बढ़कर काम किया। लोनी में कूड़ों को विलोपित कर उनके स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाये गये।

अब 'नगर सुशोभन अभियान' के माध्यम से फिर लोनी की तस्वीर बदलने का जोरदार प्रयास शुरू किया गया है। इसमें कूड़ा घरों को विलोपित कर सेल्फी प्वाइंट बनाने का काम तो शामिल है ही साथ ही आरओबी एवं फ्लाईओवर के खंभों को सजाने का काम शुरू किया गया है। इस अभियान को 'प्रतिबद्ध' का नाम दिया गया है। आपको खबर के साथ फोटो के माध्यम से पता चलेगा कि लोनी का सूरते हाल कैसे बदल रहा है।



"प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन एवं जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में लोनी की सूरत बदलने का काम किया जा रहा है। नगर सुशोभन अभियान एवं प्रतिबद्ध अभियान के माध्यम से लोनी की सूरत बदली जा रही है। इसके साथ ही लोनी के आम लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। लोनी की जनता एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारियों- कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**ऋतु सुहास, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गाजियाबाद एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लोनी**

# नगर सुशोभन अभियान से संवर रही लोनी

गज केसरी युग

**गाजियाबाद।** शहर को साफ एवं सुथरा बनाने के अभियान की शुरूआत हो चकी है। 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलाए जा रहे नगर सुशोभन अभियान से नगर पालिका लोनी की तस्वीर बदलने लगी है। इस अभियान के तहत नगर पालिका लोनी को संवारने का काम तेजी से किया जा रहा है। एडीएम प्रशासन एवं अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास के निर्देशन में निकाय कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी नगर सुशोभन अभियान के अन्तर्गत वार्ड नंबर 28 डीएलएफ अंकुर विहार में संचालित एफएसटीपी प्लांट में गुलाब वाटिका और औषधि उपवन बनाया गया। उनमें एफएसटीपी प्लांट से निकली मानव खाद और सीवर की गंदगी से साफ करके जो पानी निकलता है, उसका इस्तेमाल किया गया। प्रतिबद्ध अभियान से बदल रही नगर पालिका लोनी की तस्वीर के अंतर्गत, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे व सब्जियों व औषधि पौधे का रोपण किया गया। जिसमें गुलाब, एलोवेरा, जामुन, बेल, हर सिंगार, तुलसा, कड़ी पत्ता, अमरूद, नीम, नींबू, अजवाइन, पालक, सरसों, मेथी, धनिया, मूली, मटर, राजमा आदि पौधे व सब्जियों का रोपण हुआ है एडीएम प्रशासन एवं



अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास ने बताया यह अभियान 12 दिसंबर तक चलेगा, मगर स्वच्छता को लेकर चलाई जा रही मुहिम आगे भी जारी रहेगी। कूड़ा स्थलों की सफाई का महा अभियान चलाया जा रहा है। स्थलों को विलोपित कूड़ा घर के साथ ही स्थलों की साफ सफाई स्थाई टिकाऊ एवं पूर्णकालिक बनाने के लिए इन स्थानों पर पौधारोपण करा पार्क व बगीचा बनाने कार्य किया जा रहा है। स्थानों पर रंगोली, गमले लगाए जा रहे हैं और फूल पौधे भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों को सुंदर व स्वच्छ बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग गंदगी न करें। इन स्थानों पर दोबारा कूड़ा डालकर गंदगी ना फैलाएं नगर को स्वच्छ बनाने में नगर पालिका परिषद का सहयोग करेंगे। एडीएम प्रशासन व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि लोनी नगर पालिका को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्यों को बखूबी अंजाम दे रहे है। इस कार्य को सार्थक बनाने में आमजन का सहयोग बेहद जरुरी है। कार्यक्रम में निकाय लोनी में कार्यरत डॉ पंकज राकेश नगर स्वास्थ्य अधिकार नगर लोनी व निकाय लोनी के अंतर्गत सरकारी स्कूल के बच्चों मोजूद रहे। इस अभियान में स्कूल के बच्चों ने बहुत आकर्षित प्रदर्शनी भी आयोजित की।

# दिनांक 12 दिसंबर 2022 को कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद के द्वारा लोनी नगर पालिका के कर्मचारियों को तिरपाल व हाइजीन किट का वितरण किया गया



# पुण्यतिथि

**6 दिसंबर 1956** को भारत के पहले कानून मंत्री और भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर का दिल्ली में निधन हुआ था



# किसान दिवस

यह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष **23 दिसंबर** को मनाया जाता है। वह भारत के पांचवें प्रधान मंत्री थे और पूरे देश में किसानों के उत्थान के लिए उनके योगदान के लिए याद किया जाता है।



# क्रिसमस



प्रेम व भाईचारे का संदेश देने वाले पर्व
क्रिसमस
की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।
Merry Christmas

# स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत खुले में शौच से मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु एक मार्मिक अपील

**जागो युवा जागो स्वच्छ भारत है तुम्हारा अधिकार लेकिन पहले**
**उठाओं पहले कर्तव्य का भार**

**बापू का नारा, स्वच्छ भारत हैं बनाना ।**

**भूमण्डल में गूंजे गान ।**
**मेरा भारत देश महान **

**फिर गूजेंगा का बापू का गान ।**
**स्वच्छ रहे भारत का हर ग्राम **

**कूड़ा करकट का है अम्बार ।**
**सबको मिलकर करना है साफ **

**अपने कर्मो को सुधारे ।**
**नदियों को पवित्र बतायें **

**स्वच्छता उन्नति का आधार है ।**
**लम्बे जीवन का सार है **

**स्वच्छता आकर्षण का आधार है**
**स्वच्छता मोक्ष का द्वार भी हैं **

**बच्चे बूढे, और जवान हैं,**
**सहयोग सेतु में बंध एक साथ **

**संकल्प करे फिर एक बार ।**
**स्वच्छ रखेगा भारत को हर हाथ **

**अच्छे दिनों को लाना है ।**
**भारत का मान बढ़ाना हैं **

**स्वच्छ भारत मिशन लोनी**

प्रशासक
(लोनी)

श्रीमती रंजीता धामा
(अध्यक्ष)

# संपर्क करें



www.npploni.in

E Mail: npp.loni@gmail.com

Mobile: 7800411808